तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 23 सितंबर 2026

10 सदर के राजा के पंडाल में उमड़ा जनसैलाब



09 सदर के राजा के पंडाल में उमड़ा जनसैलाब





खबर संक्षेप

परिचय बने एशियन गेम्स जापान में रेफरी

भाटापारा। 20 वे एशियन गेम्स



जापान में कुराश खेल में छत्तीसगढ़ के परिचय मिश्रा को अंतरराष्ट्रीय निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया है परिचय मिश्रा 23 सितंबर से 1 अक्टूबर तक होने वाले कुराश खेल में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे बता दे की परिचय मिश्रा स्कूल शिक्षा विभाग में व्यायाम शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं और कुराश खेल के अंतर्राष्ट्रीय 3 स्टार रेफरी है ।

योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन आज

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ शासन एवं संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान एवं 11वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर 23 सितंबर को प्रातः 7 बजे से 8 बजे (01 घंटे) तक नगर भवन बलौदाबाजार में योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम का उद्देश्य योग एवं ध्यान के माध्यम से आमजन में स्वस्थ जीवनशैली, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा निरोगी जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में योग एवं ध्यान के विभिन्न अभ्यासों के साथ इनके दैनिक जीवन में महत्व एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। आयुष विभाग द्वारा जिलेवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर योग एवं ध्यान सत्र में भाग लेकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लें।

पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया आज प्रवास पर

पलारी। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया 23 सितंबर को कसडोल विधानसभा प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री सिंघानिया 11 बजे पलारी विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात करेंगे दोपहर 1.00 बजे गोरधा कसडोल में प्रफुल्ल कुमार मिश्रा की पत्नी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल के पूर्व अध्यक्ष अविनाश मिश्रा की माता सीतादेवी मिश्रा के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होंकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे एवं शोकाकुल परिवारजनों से भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त करेंगे ।



सरकारी स्कूलों में जल्द बनेंगे बालिका शौचालय, जर्जर ढांचे होंगे डिसमेंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के सभी शासकीय स्कूलों मे बालिकाओं के लिये पृथक शौचालय की जल्द व्यवस्था होगी जिससे अब कोई भी विद्यालय बालिका शौचालय विहीन नहीं रहेगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान जिन स्कूलों में बालिका शौचालय की व्यवस्था नहीं है उसकी सूची तैयार कर निर्माण के लिए स्वीकृति के लिये एक सप्ताह में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद सीईओ एवं बालिका शौचालय विहीन एवं जर्जर स्थिति वाले शौचालय की सत्यापित सूची प्राप्त किया जाए। जर्जर शौचालय को लोक निर्माण विभाग द्वारा डिसमेन्टल की कार्यवाही की जाएगी। बालिका शौचालय निर्माण के लिए राशि व्हीबी- जीराम जी अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्माण स्वीकृति के 2 से ढ़ाई महीने में शौचालय निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि शिविर मे आवेदन भी लिये जायेंगे जिसका निराकरण शिविर स्थल मे ही करना है। उन्होंने 3 से 6 माह तक लंबित राजस्व प्रकरण का निराकरण के लिये सेवा संकल्प अभियान के तहत विशेष मुहिम चलाने के ⏭ शेष पेज 08 पर

कलेक्टर ने सप्ताहभर में स्वीकृति के प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

1 से 7 अक्टूबर तक लगेंगे 'सेवा सेतु' शिविर

कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का गंभीरता पूर्वक आयोजन एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक सेवा सेतु शिविर सभी विकासखण्डों मे चिन्हांकित स्थानों पर लगाए जाएंगे जिसमें केन्द्र एवं राज्य शासन की लगभग 31 योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।



चारा-पानी की व्यवस्था के निर्देश

कलेक्टर ने गोठानों में मवेशियों की सुरक्षा और चारा -पानी की व्यवस्था के सम्बन्ध में सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि गोठान की नियमित मॉनिटरिंग करें और मवेशियों की सुरक्षा और चारा-पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने चेताया कि लापरवाही पर सम्बंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने सुरभि गोधाम के लिए प्रत्येक विकासखण्ड मे 10 -10 ग्रामों का चिन्हांकन कर सूची उपलब्ध कराने कहा।

प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा

सेवा सेतु शिविरों में लगेगा मेगा हेल्थ कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आगामी सभी कार्यक्रमों की तैयारी के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय स्तर से ब्लॉक एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये विद्यार्थियों की संख्या निर्धारण करने कहा। आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम अंतर्गत अंगाबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका मितानिन का सम्मान, गर्भवती माताओ व बच्चों का हेल्थ चेक-अप एवं खेलकूद आयोजित करने के निर्देश दिये।सेवा की कहानी अंतर्गत लाभार्थियों की सफलता की कहानी सभी मीडिया प्लेटफार्म मे जारी करने, सेवा मेरा योगदान अंतर्गत स्वच्छता अभियान गांव,शहरों,नदी,घाट,तालाब आदि की सफाई जनसहभागिता से करें। उन्होंने सेवा सेतु शिविर के सम्बन्ध मे कहा कि सभी ब्लॉक मे एक-एक चिहांकित गांव मे आयोजित करना है जिसमें जिला स्तरीय अधिकारियो की टीम मौजूद रहेंगे। शिविर मे मेगा हेल्थ कैम्प का विशेष रूप से आयोजन किया जाए। शिविर का उद्देश्य आने वाले आवेदको को लाभार्थी बनाकर वापस भेजने का हो। उनके समस्याओ का तत्काल निराकरण होना चाहिए। उन्होंने आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का जिले मे बेहतर आयोजन की सराहना की और आगामी सभी कार्यक्रम को गरिमापूर्ण आयोजन की बात कही।बैठक में कलेक्टर कुलदीप शर्मा, डीएफओ पंकज कमल, सीईओ जिला पंचायतदिव्या अग्रवाल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

सभी कार्यक्रमों का बेहतर आयोजन हो सुनिश्चित : मंत्री जायसवाल





अंगदान का संकल्प लेने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

इस दौरान अंगदान का संकल्प लेने वाले 5 दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया और उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। अंगदान संकल्प लेने वालों मे जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल,फिरतराम साहू, पुष्पा साहू,भाटापारा से वेदराम आनंद एवं रेशमा बाई शामिल हैं। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान को अति महत्वपूर्ण बताते हुए सभी कार्यक्रमो का बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने एवं अधिक से अधिक जनसहभागिता के लिए आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये।

सुरक्षा गार्ड पर पाइप से जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री रवान में चोरी की नीयत से प्रवेश करने और रोकने पर सुरक्षा गार्ड से गाली-गलौज कर लोहे के पाइप से हमला करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप और घायल सुरक्षा गार्ड के खून से सने कपड़े भी जब्त किए हैं। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार सुरक्षा गार्ड प्रशांत सिंह (26) ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 सितंबर को दोपहर करीब 1 बजे वह अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री के एएफआर क्षेत्र में ड्यूटी पर था। इसी दौरान राकेश दास मानिकपुरी उर्फ राका, योगेश यादव और भूपेन्द्र मांडले बाउंड्रीवॉल कूदकर फैक्ट्री परिसर में प्रवेश कर चोरी का प्रयास कर रहे थे। सुरक्षा गार्ड ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इसी दौरान योगेश यादव ने लोहे के पाइप से सुरक्षा गार्ड के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। साथी सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव ⏭ शेष पेज 08 पर

धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

खरोरा। रायपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना खरोरा पुलिस ने अवैध रूप से धारदार चाकू रखने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लोहे का धारदार चाकू बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22 सितंबर को थाना खरोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मांठ चौक के पास एक व्यक्ति अपने पास अवैध रूप से धारदार चाकू रखकर घूम रहा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना खरोरा पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान प्रकाश वैष्णव (उम्र 19 वर्ष), पिता नीलकंठ वैष्णव, निवासी वार्ड क्रमांक 03, बिड़िया, थाना खरोरा, जिला रायपुर के रूप में हुई। आरोपी से चाकू रखने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू जब्त कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा परिजनों को सूचना देकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 458/26 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।



नाबालिग बहनों के अपहरण व दुष्कर्म के दोहरे मामलों में दोषी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को साबित करते हुए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा की गई प्रभावी विवेचना के फलस्वरूप विशेष न्यायालय (पॉक्सो), भाटापारा (पीठासीन अधिकारी सतीश कुमार जायसवाल, अपर सत्र न्यायाधीश) द्वारा दो अलग-अलग गंभीर मामलों में अभियुक्त सनत साहू को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है। थाना सिमगा में वर्ष 2022 में एक अवयस्क बालिका की गुमशुदगी दर्ज हुई थी, जिसमें अनुसंधान के दौरान अभियुक्त द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने व दैहिक शोषण का तथ्य सामने आने पर अपराध दर्ज किया गया। इसके उपरांत माह अगस्त 2024 में अभियुक्त द्वारा पीड़िता ⏭ शेष पेज 08 पर

पॉक्सो एक्ट में 20-20 साल की सजा

दोनों पीड़िताओं के अनुसूचित जाति वर्ग से होने के कारण मामलों में पॉक्सो एक्ट के साथ-साथ एससी एसटी अधिनियम की कठोर धाराएं जोड़ी गईं। धारा 363, 366, 376(2)(एन), पॉक्सो एक्ट धारा 5(एल) 6 एवं एससी एसटी एक्ट धारा 3(2)(वी) के तहत अभियुक्त सनत साहू, पिता गोकुल साहू, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम कचलोन, थाना सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को आजीवन कारावास (एससी एसटी एक्ट), 20 वर्ष का कठोर कारावास (पॉक्सो एक्ट), 05 वर्ष कठोर कारावास (धारा 366 भादंसं), 03 वर्ष कठोर कारावास (धारा 363 भादंसं) एवं अर्थदंड। (सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी) साथ ही द्वितीय प्रकरण में बी.एन.एस. धारा 137(2), 87, 65(1), पॉक्सो एक्ट धारा 4(2) एवं एससी एसटी एक्ट धारा 3(2)(वी) के तहत आजीवन कारावास (एससी एसटी एक्ट), 20 वर्ष का ⏭ शेष पेज 08 पर

सट्टा-पट्टी खिलाने वाला गिरफ्तार

पलारी। जुआ, सट्टा एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में साइबर सेल एवं थाना पलारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम बिनौरी में सट्टा खिला रहे 01 आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा गया है। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक जितेन्द्र साहू, आर. अजय यादव, मिथलेश चमन, यशवंत यादव) एवं थाना पलारी पुलिस की संयुक्त टीम मुखबिर सूचना की तस्दीक पर ग्राम बिनौरी घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। ⏭ शेष पेज 08 पर



शीतला माई मंदिर दानपेटी चोरी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शहर के शीतला माई मंदिर में दानपेटी तोड़कर चोरी करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी लाला यादव (23) को कवर्धा से पकड़ा। इससे पहले पुलिस ने मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा था, जिसके कब्जे से चोरी की दानपेटी और 3 हजार रुपए बरामद किए गए थे। पुलिस के अनुसार संजय कॉलोनी निवासी घनश्याम साहू (41) ने 14 सितंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 सितंबर की रात से 14 सितंबर की सुबह के ⏭ शेष पेज 08 पर



साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंची पुलिस

विवेचना के दौरान पुलिस ने एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से दानपेटी और 3 हजार रुपए बरामद किए। पूछताछ एवं संकलित साक्ष्यों के आधार पर पुलिस दूसरे आरोपी लाला यादव की तलाश कर रही थी। पुलिस टीम ने 22 सितंबर को उसे कवर्धा से हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर मंदिर का ताला तोड़कर दानपेटी चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी लाला यादव, निवासी वार्ड क्रमांक 5, इन्द्रवासनी मंदिर के सामने, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वन विभाग का त्वरित रेस्क्यू अभियान बना जनविश्वास की पहचान

साल भर में 250 से अधिक सर्पों का सफल रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार वनमंडल अंतर्गत बलौदाबाजार वन परिक्षेत्र में वन विभाग की टीम वन संरक्षण के साथ-साथ वन्यजीवों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे तत्परता से कार्य कर रही है। किसी भी वक्त जब भी किसी घर, विद्यालय, खेत या आबादी वाले क्षेत्र में सर्प अथवा अन्य वन्यजीव दिखाई देने की सूचना प्राप्त होती है, वन विभाग की टीम द्वारा बिना विलंब घटनास्थल पर पहुंचकर सुरक्षित रेस्क्यू सुनिश्चित की जा रही है। वर्ष 2026 के दौरान बलौदाबाजार वन परिक्षेत्र की टीम द्वारा विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से लगभग 250 सर्पों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया है। इनमें विषैले सर्प जैसे ⏭ शेष पेज 08 पर

स्वयंसेवकों को मिला वैज्ञानिक प्रशिक्षण

सर्प रेस्क्यू अभियान को और अधिक प्रभावी एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से बलौदाबाजार वनमंडल कार्यालय में विशेष सर्प रेस्क्यू प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया। इस प्रशिक्षण में वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय स्वयंसेवकों सहित लगभग 70 से 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विषैले एवं गैर-विषैले सर्पों की पहचान, सुरक्षित रेस्क्यू की वैज्ञानिक तकनीक, सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग, प्राथमिक सावधानियों तथा रेस्क्यू के बाद वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

देर रात भी कॉलोनियों में पहुंची टीम

रेस्क्यू अभियान के दौरान कई चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। जीएडी कॉलोनी, कृष्णायान कॉलोनी, लक्ष्मण विहार कॉलोनी, श्री कृष्णा सिटी सहित बलौदाबाजार नगर के विभिन्न वार्डों तथा लगभग सभी ग्रामों से प्राप्त सूचनाओं पर वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुँचकर सफल एवं सुरक्षित सर्प रेस्क्यू करती रही है। कई बार देर रात भी सर्प दिखाई देने की सूचनाएँ प्राप्त हुईं। ऐसे अवसर पर एसडीओ, बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में, परिक्षेत्र अधिकारी एवं बलौदाबाजार परिक्षेत्र के वन अमले द्वारा आंशिक रूप से प्रशिक्षित कर्मचारियों के साथ सीमित संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए तत्काल सुरक्षित एवं सफल सर्प रेस्क्यू अभियान संचालित किया गया। इन त्वरित कार्रवाइयों से संभावित जनहानि को टालते हुए वन्यजीवों का सुरक्षित संरक्षण भी सुनिश्चित किया गया, जिससे क्षेत्र में वन विभाग के प्रति जनविश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ।

विवि ही उपलब्ध कराएंगे विदेशी विद्यार्थियों को आवास, अनुशासन बनाने नई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला प्रशासन ने दिया 30 दिनों का समय, नियमित निगरानी के निर्देश

जिले के विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि जो विदेशी विद्यार्थी भारत में अध्ययन के लिए आते हैं, इसलिए उनके लिए सुरक्षित, अनुशासित एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराए जाएं।

खास खबर

विदेशी विद्यार्थियों की सुरक्षा, शैक्षणिक वातावरण एवं स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था से संबंधित विषयों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में विशेष बैठक आयोजित की गई। विदेशी विद्यार्थियों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आवास, संस्थानों की जिम्मेदारी तथा स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित किया गया कि विदेशी विद्यार्थियों के आवास एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में जो विदेशी विद्यार्थी विश्वविद्यालय व कॉलेज के छात्रावास से बाहर निजी मकानों, पीजी अथवा अन्य स्थानों पर रह रहे हैं। उन्हें अगले 15 से 30 दिनों के भीतर संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए अथवा संस्थान से संबद्ध सुरक्षित छात्रावास में स्थानांतरित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में संस्थानों को विद्यार्थियों की सुविधा, सुरक्षा, स्थानीय परिस्थितियों एवं उपलब्ध आवासीय व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया।

संभावित कारणों को पहचानें

बैठक में कहा गया कि किसी भी अप्रिय घटना, दुर्घटना अथवा कानून-विरोधी गतिविधि की स्थिति उत्पन्न होने से पहले ही उसके संभावित कारणों की पहचान कर आवश्यक निरोधात्मक कदम उठाए जाएं। प्रशासन एवं पुलिस को स्थानीय नागरिकों से समय-समय पर विदेशी विद्यार्थियों से संबंधित शिकायतें एवं सूचनाएं प्राप्त होती रही हैं। कुछ मामलों में विद्यार्थियों द्वारा अनुशासनहीनता अथवा कानून-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने की आशंका से संबंधित शिकायतें भी सामने आई हैं। इन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए संस्थानों को अपने स्तर पर प्रभावी निगरानी, काउंसलिंग एवं अनुशासन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



राष्ट्रीयता के आधार पर ना करें कार्रवाई

यह स्पष्ट किया गया कि किसी भी विद्यार्थी के विरुद्ध केवल उसकी राष्ट्रीयता के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। कानून का उल्लंघन करने की स्थिति में ही संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने यह बैठक ली। उनके साथ बैठक में एडीएम उमाशंकर बंदे, एडीसीपी पीताम्बर पटेल, एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा सहित संबंधित अधिकारी तथा विश्वविद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों के कुलपति एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



वक्ता मंच ने 50 युवाओं को किया सम्मानित

रायपुर। वक्ता मंच एवं जन एकता फाउंडेशन द्वारा युवा अभिव्यक्ति समारोह का आयोजन विमतारा सभागार में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न मोर्चों पर उल्लेखनीय कार्य कर रहे राजधानी व आसपास के 50 युवाओं को युवा गौरव सम्मान प्रदान किया गया। राजधानी व आसपास कार्यरत ऐसे असाधारण युवाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया है, जिन्होंने अपने पसीने से उत्कृष्टता व सफलता की नई इबारत लिखी है। इस समारोह के विशेष आकर्षण के रूप में चयनित 50 युवाओं को युवा गौरव सम्मान प्रदान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि युवा देश की ताकत होते हैं, इसलिए युवाओं का सम्मान देश की ताकत का सम्मान है। समारोह के दौरान सारंगढ़ के युवा कवि विजय कोसले के काव्य संग्रह आईना का विमोचन किया गया। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि उपसंचालक (वित्त) श्रद्धा सुमन एक्का, वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र शर्मा, मेकाहारा के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, डॉ. अंशुली कलश एवं डॉ. उपेंद्र त्रिवेदी, प्रांजल सिंह राजपूत, प्रणम तिवारी, डॉ. अनुराग सिंग विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

दानवीर भामाशाह सम्मान, 30 सितंबर तक मंगाए प्रस्ताव

रायपुर। समाज कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रतिवर्ष दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2026 के लिए पात्र व्यक्तियों एवं संस्थाओं से 30 सितंबर तक प्रस्ताव मंगाए गए हैं। जिला समाज कल्याण कार्यालय रायपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार चयनित व्यक्ति अथवा संस्था को एक लाख रुपए की सम्मान राशि एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान किया जाएगा। वर्ष 2026 के लिए ऐसे पात्र व्यक्तियों एवं संस्थाओं से प्रस्ताव मंगाए गए हैं, जिन्होंने दानशीलता एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय तथा अनुकरणीय कार्य किया हो। इच्छुक व्यक्ति, संस्था निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना प्रस्ताव 30 सितंबर तक जिला समाज कल्याण दफ्तर रायपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं।

आयुक्त ने कहा- विभागीय सचिव से हैंडओवर की शर्तों को लेकर होगी चर्चा

आरडीए की तीन और हाउसिंग बोर्ड की छह कॉलोनियों को निगम के हैंडओवर होने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर विकास प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की शहर में स्थित 9 बड़ी कालोनियों को अब तक रायपुर नगर निगम ने हैंडओवर नहीं लिया है। हाउसिंग बोर्ड की प्रदेशभर में इस तरह 32 कालोनियां हैं, जिसे संबंधित नगरीय निकाय में हैंडओवर लेने का निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंत्रिमंडल की बैठक में 8 माह पूर्व लिया गया। इसके बाद भी इन कालोनियों को संबंधित नगर निगमों ने हैंडओवर नहीं लिया है। इधर नगरीय प्रशासन सचिव ने भी संबंधित निगम आयुक्तों को पत्र लिखकर इस संबंध में प्रतिवेदन मांगा है।

हाउसिंग बोर्ड के सीईओ अवनीश शरण का कहना है कि आरडीए और हाउसिंग बोर्ड के कालोनियों के हैंडओवर का निर्णय निगम को लेना है। इधर निगम आयुक्त संबित मिश्रा का कहना है, शहर में आरडीए और हाउसिंग बोर्ड की जिन कालोनियों का निगम में हैंडओवर होना है, उनका ज्वाइंट इंस्पेक्शन हो चुका है, किस शर्त पर इन कालोनियों को हैंडओवर लेना है, इस संबंध में विभागीय सचिव से चर्चा होगी। दरअसल कैबिनेट में 8 माह पूर्व हाउसिंग बोर्ड और आरडीए की कालोनियों को नगर निगम में हस्तांतरित करने का निर्णय हुआ था, जिसमें छत्तीसगढ़ गृह निर्माण की प्रदेशभर में 32 कालोनियां, जिसमें शहर में स्थित 9 बड़ी कालोनियां, आरडीए की 3 कालोनियां शामिल रहीं। इनमें रायपुर विकास प्राधिकरण की 1600 एकड़ विकसित टाउनशिप माता कौशल्या विहार, इंद्रप्रस्थ रायपुरा फेज-1, फेज-2 के अलावा प्राधिकरण की पुरानी कालोनियों में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवासीय परिसर हीरापुर, बोरियाखुर्द की कालोनी शामिल है। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड की शहर में स्थित कालोनी कचना फेज-2, सेलटैक्स कालोनी भावना नगर, चिल्फी हाइट्स, देवपुरी स्थित हिमालयन हाइट्स , डूमरतराई आवासीय कालोनी सहित अन्य कालोनियां नगर निगम को हैंडओवर होनी हैं।

निगम के सामने चुनौती इस तरह

इन ज्यादातर कालोनियों में 15 साल पुरानी पाइपलाइन होने से इसके उपयोग की अवधि समाप्त होने को है। ऐसे में बड़े पैमाने पर पाइपलाइन बदलने की जरूरत है। कई जगह का ड्रेनेज सिस्टम ध्वस्त हो चुका है। माता कौशल्या विहार में 150 बगीचे अलग-अलग ब्लाक में विकसित गए हैं, जो कि खस्ताहाल हैं, इसके अलावा इंद्रप्रस्थ रायपुरा के में आरडीए द्वारा विकसित 16 छोटे-बड़े गार्डन की देखरेख व संधारण का जिम्मा नगर निगम को संभालना है। इन सबके अलावा सफाई कर्मचारी, पंप आपरेटर, बिजली कर्मचारी, उद्यान चौकीदार, सुरक्षा गार्ड, चौकीदार के लिए अतिरिक्त बजट की जरूरत पड़ेगी ।





सालों पुरानी कालोनियों में समस्या ही समस्या

रायपुर नगर निगम आरडीए और हाउसिंग बोर्ड की कालोनियों को हैंडओवर लेने से पहले जोन स्तर पर संबंधित कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं की पड़ताल कर इसमें लगने वाले खर्च का इस्टीमेट तैयार कर डिमांड नोट भी बना रहा है। हाउसिंग बोर्ड की 9 बड़ी कालोनियों और रायपुर विकास प्राधिकरण की 3 बड़ी कालोनियों में सालों पुरानी पाइपलाइन, जर्जर सड़क, स्ट्रीट लाइट और उद्यानों की माली हालत के साथ सीवरेज सिस्टम में व्याप्त खामियों का स्थल निरीक्षण कर उसके सुधार में लगने वाले प्रस्तावित खर्च का आकलन कर जोनवार रिपोर्ट तैयार कर रायपुर नगर निगम के मुख्य अभियंता को भेजने निर्देशित किया गया है। इन कालोनियों के रखरखाव के लिए नगर निगम को एकमुश्त संसाधनों की भी जरूरत पड़ेगी। इस पर शासन स्तर पर निर्णय होना बाकी है। नगर निगम जोन कमिश्नरी ने हाउसिंग बोर्ड की देवपुरी स्थित कालोनी हिमालयन हाइट्स के 1 से 3 आवासीय परिसर, आरडीए के माता कौशल्या विहार की 22 कालोनियों और काठाडीह मार्ग में स्थित कालोनी का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार कर ली है। इसी तरह आरडीए की रायपुरा स्थित इंद्रप्रस्थ फेज-1, फेज-2 का स्थल सर्वे जोन-8 ने पूरा कर डिमांड नोट बनाकर नगर निगम के मुख्य अभियंता को भेज दिया है।

निगम कमिश्नर का ये है कहना

आरडीए और हाउसिंग बोर्ड की कालोनियों को शासन की मंशा अनुसार नगर निगम को हैंडओवर लेना है। इसके लिए ज्वाइंट इंस्पेक्शन हो चुका है। विभागीय सचिव के साथ बैठक होनी है, जिसमें किस शर्त पर संबंधित कालोनियों को हैंडओवर लेना है, इस पर चर्चा होगी। साथ ही आरडीए और हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों से भी चर्चा करेंगे। - **संबित मिश्रा,** आयुक्त, नगनि रायपुर

महापौर का व्यू

हाउसिंग बोर्ड और आरडीए की कालोनियां नगर निगम को सौंपी जाएगी, केबिनेट में इसकी घोषणा हुई है। इसके लिए संसाधनों की जरूरत पड़ेगी। हम व्यवस्था के साथ संबंधित कालोनियों को हैंडओवर लेंगे। शासन स्तर पर निर्णय होना है।
- **मीनल चौबे,** महापौर, नगनि रायपुर

निर्णय नगर निगम के हाथ

कैबिनेट में हुए निर्णय के अनुसार छत्तीसगढ़ में हाउसिंग बोर्ड की 32 कालोनियां, जिनमें शहर की 9 बड़ी कालोनियों और आरडीए की 3 कालोनियों को नगर निगम को हैंडओवर किया जाएगा। माता कौशल्या विहार, बोरियाखुर्द, इंद्रप्रस्थ फेज-1, फेज-2 कालोनी इनमें शामिल हैं। कालोनी जहां और जिस स्थिति में है, उसे नगर निगम को सौंपा जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग से भी इस संबंध में प्रदेश के सभी नगर निगमों को पत्र लिखकर निर्देश दिया गया है। निर्णय नगर निगम को लेना है। - **अवनीश शरण,** सीईओ, आरडीए

देहदान करने वाले नागरिकों का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को जिला अस्पताल सारंगढ़ के सभा कक्ष में जिला स्तरीय अंगदान संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू शामिल हुईं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि ज्योति पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार वैष्णव सहित जनप्रतिनिधि, चिकित्सक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व में देहदान का संकल्प एवं पंजीयन कर चुके नागरिकों को कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू एवं जनप्रतिनिधियों ने शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इनमें भटगांव निवासी रामलाल साहू एवं उनकी पत्नी नीरा साहू तथा धोबन, बिलाईगढ़ निवासी डॉ. निर्मला साहू शामिल हैं। भटगांव निवासी रामलाल साहू ने बताया कि उनके परिवार में कुल छह सदस्यों ने देहदान का संकल्प लिया है। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान से समाज में जनसेवा, स्वास्थ्य एवं अंगदान-देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों से जुड़ने की प्रेरणा मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान सारंगढ़ निवासी नत्थू लाल केडिया एवं संतोषी जायसवाल ने अंगदान के लिए नामांकन फॉर्म भरा। वहीं संतोष कुमार थवाईत, जगतराम नायक, सत्यनारायण साहू, शिवकुमारी साहू, पुरुषोत्तम साहू और कुसुम लाल साहू ने देहदान के प्रति अपनी इच्छा व्यक्त की।

नए नागरिकों ने भी लिया अंगदान व देहदान का संकल्प

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने अंगदान एवं देहदान का संकल्प लेने वाले नागरिकों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि अंगदान और देहदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण संकल्प है। इसके लिए आगे आने वाले सभी नागरिक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के सहयोग के साथ इतना महत्वपूर्ण निर्णय लेना समाज के लिए प्रेरणादायी है। ऐसे संकल्प अन्य लोगों को भी मानव सेवा के इस पुनीत कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने संकल्पित नागरिकों के साथ उनके परिवारजनों का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार वैष्णव, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल, डीपीएम दीपक, पार्षद एवं जनप्रतिनिधि, अमित तिवारी, डॉ. जे.एन. शुक्ला, प्रकाश अग्रवाल, हितेश अजगल्ले, दीपक थवाईत, रेडक्रॉस के सदस्य, जिला अस्पताल के चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ, सामाजिक कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

महादेव सट्टा : इजी माई ट्रिप के को-फाउंडर के खिलाफ ईडी कोर्ट में चार्जशीट दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सट्टे की रकम एफपीआई के नाम पर भारतीय शेयर बाजार में लगाने में मदद करने का आरोप

ऑनलाइन महादेव बेटिंग एप से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने इजी माई ट्रिप के को-फाउंडर निशांत पिट्टी के खिलाफ ईडी की स्पेशल कोर्ट में चालान पेश किया है। उनके खिलाफ सट्टेबाजी से मिली रकम को फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट (एफपीआई) के नाम पर शेयर बाजार में लगाने में मदद करने का आरोप है।

ईडी ने पिट्टी के खिलाफ 10 सितंबर को प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत चालान पेश किया है। ईडी ने पिट्टी के 59.60 करोड़ रुपए के डीमैट शेयर भी अटैच किए हैं। ईडी ने कोर्ट से इन शेयरों को जब्त करने की अनुमति मांगी है। एजेंसी ने इन्हें एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अपराध से हुई आय यानी 'प्रोसीड्स ऑफ क्राइम' बताया है। ईडी की चार्जशीट में पिट्टी का नाम पांचवी सप्लीमेंट्री में शामिल है। जांच एजेंसी ने इस चार्जशीट में 42 लोगों और कंपनियों को आरोपी बनाया है। इनमें ईबिक्स ग्रुप के चेयरमैन विकास गर्ग का नाम भी शामिल है। एजेंसी ने जुलाई में दिल्ली स्थित गर्ग के घर पर छापा मारने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। फिलहाल वे न्यायिक हिरासत में जेल में हैं।

पिछले वर्ष अप्रैल में छापे की कार्रवाई



ईडी ने अप्रैल 2025 में पिट्टी के यहां छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई के बाद ईडी ने उनसे इस साल अगस्त में पूछताछ भी की थी। उस समय इजी माई ट्रिप ने महादेव बेटिंग एप या किसी अन्य बेटिंग प्लेटफॉर्म से किसी भी तरह के सीधे या अप्रत्यक्ष संबंध से इंकार किया था। चार्जशीट में उल्लेख किया गया है कि जांच के दौरान मिले साक्ष्य में दुबई में रहने वाले स्काय एक्सचेंज के मालिक हरिशंकर टिबरेवाल का पिट्टी करीबी सहयोगी था।

रकम निवेश करने में मदद का आरोप

चार्जशीट में कहा गया है कि पिट्टी ने सक्रिय रूप से और अपनी इच्छा से टिबरेवाल की मदद की। एजेंसी के अनुसार, उन्होंने स्काय एक्सचेंज से जनरेट अपराध की रकम को अलग-अलग स्तरों पर लेयरिंग करने में मदद की और यह जानते हुए उस रकम को हासिल किया, अपने पास रखा, छिपाया और इस्तेमाल किया। ईडी के मुताबिक, इस वजह से पिट्टी पर एंटी-मनी लांड्रिंग कानून के तहत कार्रवाई बनती है। एजेंसी ने कहा कि इजी माई ट्रिप ने 2022 में भारत में हुई एक क्रिकेट सीरीज को स्काय एक्सचेंज के साथ मिलकर स्पॉन्सर किया था।

150 कार्यकर्ताओं की 'आप' में वापसी

रायपुर। कांग्रेस में जाने के लगभग 10 दिन बाद आम आदमी पार्टी के नेता नूर हसन अली के नेतृत्व में अंबिकापुर में 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी में पुनः वापसी की है। यह दावा आम आदमी पार्टी द्वारा किया गया है। पार्टी के अनुसार, कार्यकर्ताओं की वापसी के बाद आयोजित सम्मेलन में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क सहित सरगुजा की जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों को मजबूती से उठाने और जनता के बीच सक्रिय रूप से काम करने का संकल्प लिया गया। प्रदेश संगठन महासचिव सरदार जसबीर सिंह चावला ने कहा, कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं।

150 से अधिक कार्यकर्ताओं की वापसी से संगठन में नई ऊर्जा आई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी एकजुटता के साथ संगठन को गांव और बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

पलारी में 42 दिव्यांगजनों को ऑन द स्पॉट मिले कृत्रिम अंग और उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर भवन पलारी में 42 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, कैलिपर्स, स्प्लिंट ऑन द स्पॉट चिन्हांकित किए दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण वितरण एवं फिटिंग कर सामग्री प्रदान की गई। इसके साथ ही सहायक उपकरणों हेतु मोट्राइज्ड ट्रायसायकल, ट्रायसायकल, व्हील चेयर आदि के लिए प्रदाय किये जाने हेतु चिन्हांकन एवं मुल्यांकन भी किया गया। शिविर में कुल 187 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 104 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने के लिए पंजीयन एवं 118 हितग्राहियों का युडीआईडी कार्ड के लिए पंजीयन किया गया। सभी दिव्यांगजनों के लिए आय प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, चिकित्सा सूविधा एवं अन्य सुविधा एक ही जगह एक ही शिविर में एक साथ प्रदान की गई। जनपद अध्यक्ष पलारी सविता यादव के द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। आगामी शिविर 23 सितम्बर को जनपद पंचायत सभाकक्ष सिमगा 24 सितम्बर को कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल कसडोल एवं 25 सितम्बर को बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत जनपद पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में आयोजित की जायेगी। शिविर में जनपद सदस्य उमेश यदु, अश्वनी रजक, जनार्दन वर्मा, बिपिन बिहारी वर्मा, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, नंदकुमार वर्मा, पवन वर्मा, एसडीएम पलारी दीपक निकुंज, उप संचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल, सीईओ जनपद पंचायत पलारी पंकज देव एवं चिन्हांकन, मापन हेतु एल्मिको टीम उपस्थित रहे।

पेज 7 के शेष

शासकीय स्कूलों में ...

निर्देश दिये।इस दौरान ई -ऑफिस,सीएम हेल्पलाइन, लंबित राजस्व प्रकरण, सीपी ग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, डिजिटल किसान किताब, सेवा सेतु पोर्टल, न्यायालयीन प्रकरण आदि की समीक्षा की गई। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, अपर कलेक्टर एआर टंडन,निशा नेताम मड़ावी,सीमा ठाकुर सहित एसडीएम,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

सुरक्षा गार्ड पर ...

कर उसकी जान बचाई। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 795/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राकेश दास मानिकपुरी उर्फ राका (28), योगेश यादव (21), दोनों निवासी ग्राम भद्रापाली तथा भूपेन्द्र मांडले (19), निवासी ग्राम खैरताल को गिरफ्तार किया। आरोपियों से लोहे का पाइप और खून से सने कपड़े जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों को 22 सितंबर को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू की है। मामले में फरार आरोपी की तलाश जारी है।

नाबालिग बहनों के...

की छोटी अवयस्क बहन को भी झांसे में लेकर अन्यत्र ले जाया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर सूचनाओं के आधार पर महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दबिश दी। योजनाबद्ध ऑपरेशन चलाते हुए दोनों बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। प्रकरण के विचारण में पीड़िताओं की उम्र का निर्धारण अत्यंत निर्णायक था। पुलिस विवेचकों ने स्कूल के मूल दाखिल-खारिज (प्रवेश) रजिस्टर व शैक्षणिक प्रगति पत्रों को विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे अदालत ने प्राथमिक व अकाट्य साक्ष्य माना। पीड़िताओं की सहमति से विधिवत डॉक्टरी मुलाहिजा, स्लाइड/स्वाइब संकलन एवं आवश्यक जप्ती की प्रक्रिया पूर्ण कर केस को वैज्ञानिक रूप से सुदृढ़ किया गया।

पॉक्सो एक्ट में

कठोर कारावास (पॉक्सो एक्ट), 05 वर्ष कठोर कारावास (धारा 87 बीएनएस), 03 वर्ष कठोर कारावास (धारा 137(2) बीएनएस) एवं अर्थदंड। (सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी) न्यायालय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार को पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय करने हेतु भी आदेशित किया गया है।

सट्टा-पट्टी खिलाने ...

रेड के दौरान मौके पर गणेश राम आदिल को सट्टा लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के पास से सट्टा लिखने में प्रयुक्त एक डाट पेन, सट्टा-पट्टी लिखा हुआ एक कोरा पन्ना एवं कुल 2,150 नगद जप्त किए गए। आरोपी का कृत्य धारा 6(क) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 का पाए जाने पर थाना पलारी में अपराध क्र. 382/2026 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

शीतला माई मंदिर...

बीच अज्ञात चोरों ने शीतला माई मंदिर का ताला व कुंडी तोड़कर अंदर रखी स्टील की दानपेटी चोरी कर ली। दानपेटी में करीब 50 हजार रुपए दान राशि होने की जानकारी दी गई थी। शिकायत पर सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 784/2026 के तहत बीएनएस की धारा 331(4), 305 के तहत मामला दर्ज किया गया।

साल भर में...

कॉमन करेत, रसेल वाइपर,कोबरा सहित अन्य प्रजातियां शामिल हैं। साथ ही बड़ी संख्या में गैर-विषैले सर्पों का भी सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें निकटवर्ती वन क्षेत्रों में उनके प्राकृतिक एवं सुरक्षित आवास में छोड़ा गया। सर्प रेस्क्यू के साथ-साथ वन विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर घायल बंदरों का भी सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। घायल बंदरों को सुरक्षित निकालकर आवश्यक उपचार एवं देखभाल की व्यवस्था की गई तथा उनकी स्थिति के अनुरूप उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया। इस प्रकार वन विभाग ने केवल सर्प रेस्क्यू तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि संकटग्रस्त वन्यजीवों के संरक्षण एवं बचाव के प्रति भी अपनी संवेदनशील और सक्रिय भूमिका निभाई।

देवकंवर के परिवार को मिला पक्का आवास

बलौदाबाजार। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद परिवारों को पक्का और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिले के ग्राम कोसमंदा की देवकंवर कन्नौजे भी इस योजना से लाभान्वित होकर अब अपने पक्के घर में सुख-शांति से जीवन व्यतीत कर रही हैं। देवकंवर कन्नौजे बताती हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से पहले उनका परिवार कच्चे मकान में रहता था। बारिश के दिनों में कच्चे मकान के कारण उन्हें और उनके पति को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। घर की सुरक्षा को लेकर भी हमेशा चिंता बनी रहती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास मिलने और उसका निर्माण पूरा होने के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब वे अपने पति के साथ सुरक्षित और सुविधाजनक पक्के घर में सुखपूर्वक रह रही हैं। पक्का घर मिलने से उन्हें न केवल बारिश और मौसम की परेशानियों से राहत मिली है, बल्कि परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास भी मिला है। देवकंवर कन्नौजे भावुक होकर कहती हैं, "पहले हमारा कच्चा मकान था, जिससे बारिश के दिनों में बहुत परेशानी होती थी। लेकिन जब से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हमारा पक्का घर बना है, तब से मैं और मेरे पति दोनों बहुत सुख से रहते हैं। पक्का घर मिलने से हमें बहुत राहत मिली है। इसके लिए हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं।" प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को पक्के आवास की सुविधा मिलने से उनके जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और बेहतर जीवन की नई उम्मीद जुड़ रही है। देवकंवर कन्नौजे का परिवार भी पक्के आवास के रूप में मिले इस सहारे के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त करता है।



खबर संक्षेप



मुक्तिधाम में शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन

सिमगा। एपीएल अपोलो संयंत्र ने ग्राम रिंगनी के मुक्तिधाम में शेड निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। अपोलो संयंत्र के प्रबंधन संतोष राय ने बताया कि ग्राम रिंगनी के मुक्तिधाम में शवयात्रा में शामिल होने आए हुए ग्रामीणों के बैठने एवं रुकने की व्यवस्था के लिए दो शेड निर्माण का कार्य किया जा रहा है। aउपरोक्त कार्य के लिए आज भूमि पूजन किया गया है जिसमें ग्राम सरपंच प्रतिनिधि मेनन कोसले, उपसरपंच योगेंद्र पाल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि ऋषिकांत पटेल, पूर्व सरपंच भागवत वर्मा, हीरालाल पाल, आकाश मंडले सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

संध्या राज्य स्तरीय अलंकरण से सम्मानित



पलारी। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह का आयोजन 20 सितंबर को प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन अकादमिक भवन, राखी मोड़ (चरमुड़िया), कुरुद, जिला धमतरी में किया गया। समारोह में शिक्षा, विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कला-संस्कृति, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण तथा रूढ़िवादिता एवं अंधविश्वास उन्मूलन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शिक्षिका संध्या पैकरा को सम्मानित किया गया।विदित हो कि संध्या पैकरा मैडम हमेशा अपनी नवाचारी गतिविधियों के लिए जानी जाती रही है और कई सम्मान समारोह में सम्मानित होती रही है।संध्या पैकरा जिस भी स्कूल में गई वहां वहां शिक्षा की अलख जगाती रही है। अभी वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दत्तान(प)में पदस्थ है।

स्वच्छता दीदी सरिता नवरत्न बनीं मिसाल

बलौदाबाज़ार। यह कहानी एक ऐसे बदलाव की है, जिसने न केवल स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की सोच को बदला है बल्कि सरिता नवरत्न जैसी महिलाओं के जीवन में भी नई उम्मीद, आत्मविश्वास और सम्मान का भाव पैदा किया है। नगर पालिका परिषद बलौदाबाज़ार में मणि-कंचन केंद्र में स्वच्छता दीदी के रूप में काम करने वाली सरिता को आज अपने काम पर गर्व है। वह कहती हैं कि शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देना उनके लिए सम्मान की बात है। शुरुआत में इस काम को लेकर उन्हें थोड़ी झिझक होती थी, लेकिन धीरे-धीरे जब उन्होंने कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को समझा, तो उनके मन में अपने काम के प्रति सम्मान और गर्व बढ़ता गया। सरिता के लिए अब यह महज रोज़गार नहीं, बल्कि शहर को स्वच्छ और बेहतर बनाने में अपनी भागीदारी निभाने का माध्यम है।



रायपुर जिले में 74 करोड़ के 2381 विकास कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

वीबी-जी राम-जी योजना के अंतर्गत रायपुर जिले में ग्रामीण विकास एवं रोजगार से जुड़े कार्यों को गति दी जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत 1 जुलाई 2026 से अब तक जिले में 2381 कार्यों के लिए करीब 74 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले की 408 ग्राम पंचायतों में से शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजना के तहत विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। विशेष रूप से बालिका शौचालय निर्माण के 400, मुक्तिधाम निर्माण के 120 और किचन शेड के 218 कार्यों को स्वीकृति मिली है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी एवं पीडीएस भवन निर्माण के कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से 202 हाइटेक बकरी शेड भी स्वीकृत किए गए हैं। वहीं जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को प्राथमिकता देते हुए नए तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण और डबरी निर्माण जैसे कार्य भी लगातार स्वीकृत किए जा रहे हैं। इन कार्यों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में परिसंपत्तियों के निर्माण के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है।

जिले के 408 ग्राम पंचायतों में से शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में कार्य स्वीकृत



2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं में बनेगा 'विकसित ग्राम पंचायत प्लान'

जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि वीबी-जी राम-जी योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ गांवों की बुनियादी जरूरतों और भविष्य की विकास आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में स्थानीय जरूरतों के अनुरूप ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनसे ग्रामीणों को रोजगार के साथ स्थायी परिसंपत्तियां भी प्राप्त हों। जल संरक्षण, स्वच्छता, आजीविका संवर्धन और ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों का सीधा लाभ गांवों के लोगों को मिलेगा। उन्होंने आगे बताया कि आगामी वर्ष की कार्ययोजना को लेकर 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं में विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने की जानकारी दी जाएगी, जिससे ग्राम पंचायतें अपनी स्थानीय आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर आगामी विकास कार्यों की योजना तैयार कर सकेंगी। इस तरह योजना के माध्यम से ग्रामीण विकास को अधिक व्यवस्थित, रोजगारपरक और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वीबी-जी राम-जी योजना 1 जुलाई 2026 से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू हुई है।

सदर के राजा की महिमा सबसे सुंदर : विधायक इंद्र साव

सदर के राजा के पंडाल में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



नगर के प्रतिष्ठित गणेश उत्सव पंडाल 'सदर के राजा' के स्थापना के 35 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को भव्य महाआरती, 56 भोग का प्रसाद एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर पंडाल की साज-सज्जा और भक्तिमय माहौल को देखने तथा भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए नगर के सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। क्षेत्र में 'सदर के राजा' के पंडाल का प्रतिवर्ष एक अलग ही महत्व रहता है, जहां आकर भक्त अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना करते हैं।इस विशेष अवसर पर भाटापारा के विधायक इंद्र साव , नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा और जिला पंचायत के सभापति राजा जायसवाल ने पंडाल पहुंचकर 'सदर के राजा' का आशीर्वाद लिया। पंडाल समिति के सदस्य अभिषेक उपाध्याय ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत-अभिवादन किया और उनके आगमन के लिए आभार व्यक्त किया।इस गरिमामयी धार्मिक उत्सव में मुख्य रूप से नरेंद्र उपाध्याय,संजय वार्ड के पार्षद श्रेणिक गोलछा,बल्लू जैन, संदीप भट्टर, विपिन अग्रवाल,दिनेश गुप्ता, संजय अग्रवाल, ललीत पुरोहित, लाला शर्मा, राजा जैन, लल्लू साहू,राजेश झवर, आशीष भट्टर, अतुल,सोनी,अनूप सोनी,कममू सोनी, अनुभव गुप्ता, सौरभ नाथानी, राजकुमार शर्मा,नानू सोनी,राम मिलान महाराज, देवेश गुप्ता, सौरभ शर्मा,मृदुल मुंदडा,साकेत उपाध्याय, निराला सहित समिति के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य और भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

समिति को बधाई देते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा, /"सदर का राजा सबसे सुंदर और मनमोहक है। यहाँ की गई भव्य साज-सज्जा और पूर्ण विधि-विधान से हो रही पूजा-अर्चना के कारण पूरे नगर का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, 35 वर्ष का लंबा समय बहुत मायने रखता है। निरंतर इस प्रकार का भव्य और अनुशासित आयोजन हमारी युवा पीढ़ी में भक्ति, समर्पण और सामाजिक समरसता का भाव उत्पन्न करता है।

बिना काम आहरित किए लाखों रुपए सरपंच-सचिव पर फर्जीवाड़े का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवां



जनपद पंचायत बिलाईगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा स में 15 वें वित्त की राशि को बिना निर्माण कार्य के ही सरपंच सचिव ने मिलीभगत कर लाखों रुपए आहरण करने की शिकायत मिली है। मोहतरा के ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत में विभिन्न निर्माण कार्य के नाम से बिना कार्य के सरपंच हरीशचंद्र और पंचायत सचिव छतराम साहू ने ग्राम पंचायत के 7 लाख 83 हजार रुपए आहरण कर लिए हैं। इस भुगतान को लेकर सरपंच सचिव की कार्यशैली पर बड़ा सवाल उठ रहा है। जहां वर्तमान सरपंच सचिव द्वारा अपने ग्राम पंचायत मोहतरा स में कार्य के नाम पर अनेकों भुगतान किए गए है।गांव में मुरुम कार्य, जेसीबी कार्य, रोड रिपेयरिंग, बोर मोटर, स्टेशनरी, हार्डवेयर और कंट्रकशन तथा निर्माण सामग्री जैसे मदों में लाखों रुपए बिना कार्य के फर्जी बिल बाउचर प्रस्तुत कर जनता के पैसे की बंदरबांट किया गया है। ग्राम पंचायत मोहतरा स में विकास कार्य के नाम मिली राशि पर जमकर आर्थिक अनियमितता बरती गई है। मिली जानकारी अनुसार सरपंच सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में बिना कार्य के कुल 7 लाख 83 हजार रुपए निकाले गए हैं। ग्रामीणों ने बिना कार्य के ही आंख बंद करके भौतिक सत्यापन करने वाले संबंधित इंजीनियर व पूरे घपले की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ऐसी ही शिकायतें ग्राम पंचायत मुड़पार के ग्रामीणों ने भी की है। यहां भी उक्त सचिव ने बिना कार्य के ही करीब 7 लाख रुपए आहरण कर लिया है। ग्राम पंचायत मोहतरा स और ग्राम पंचायत मुड़पार स इन दोनों पंचायत में एक ही पंचायत सचिव छतराम साहू कार्यरत रहें हैं इनके कार्यकाल के दौरान दोनों ग्राम पंचायतों में बड़े घपले हुए हैं। इन दोनों ग्राम पंचायत में हुए घपले की जांच जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अधिकारियों द्वारा की जा रही है। इस मामले पर सरपंच सचिव से मोबाईल पर संपर्क कीया तो उनके मोौबाइल बंन्द बाताया।



दतान प में बाल कैबिनेट के सदस्यों को दी गई बैच



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

समीपवर्ती ग्राम दतान प के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बाल कैबिनेट के सदस्यों को बैच प्रदान कर उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों को अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। बाल कैबिनेट केवल पद नहीं, बल्कि नेतृत्व सीखने का पहला कदम है।

यह बच्चों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी, निर्णय लेने की क्षमता, सहयोग की भावना एवं आत्मविश्वास विकसित करने का एक सुंदर माध्यम है।आज मिले ये बैच केवल पहचान का प्रतीक नहीं, बल्कि कर्तव्य, अनुशासन और जिम्मेदारी का सम्मान हैं।आज के जिम्मेदार बाल सदस्य ही कल के सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। इस अवसर पर प्रधान पाठिका देवकी ध्रुव,किरण ठाकुर, अनिता रात्रे,संध्या पैकरा, सरस्वती वर्मा, अभिषेक महोबे, कमलेश कुमार साहू, शिव कुमार वर्मा, श्रवण कुमार साहू, देवेश साहू, प्रकाश कुमार सेन, तेजराम साहू उपस्थित रहे।

चोर गिरोह सक्रिय, कबाड़ दुकानों पर चोरी का माल खपाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में चिंता और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय है जो दिनदहाड़े घरों दुकानों और बरामदों में रखे लोहे के कीमती सामान को निशाना बना रहा है। चोरी किए गए सामान को अर्जुनी में ही संचालित कबाड़ दुकानों में खपाए जाने की भी शिकायतें सामने आ रही हैं। ग

रामीणों के अनुसार विद्यानगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित अर्जुनी के कई हिस्सों से लोहे के पाइप सरिया, रॉड तथा अन्य कीमती लोहे के सामान चोरी होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कई मामलों में घर के बाहर अथवा बरामदे में रखा सामान दिनदहाड़े गायब होने की बात कही जा रही है। इतना ही नही ये सक्रिय चोर स्कूलों और सार्वजनिक परिसरों को भी निशाना बना रहे है। कुछ स्थानों पर स्कूल परिसर में लगे अथवा रखे लोहे के रॉड और अन्य लोहे के सामान भी चोरी होने की शिकायत सामने आई है। जिसमे कुछ दिन पूर्व चावल व पंखे भी चोरी कर लिया गया था। ग्रामीणों व पीड़ितों का आरोप है कि चोरी के लोहे और अन्य सामान को कबाड़ के रूप में खपाने का काम किया जा रहा है। ऐसे में कबाड़ दुकानों पर खरीदे जाने वाले सामान की जांच और उसकी खरीदी का रिकॉर्ड खंगालने की मांग उठ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि चोरी का सामान कबाड़ दुकानों तक पहुंच रहा है तो पुलिस को सामान खरीदने वाले कबाड़ियों और चोरी करने वालों के बीच संभावित संबंधों की भी जांच करनी चाहिए। लगातार शिकायतों के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस दिशा में पुलिस दोषियों पर उचित कर कबाड़ दुकानों के स्पष्टता जारी करें।

उत्तम तप धर्म की भक्तिभाव से आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



- जैन मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जैन समाज द्वारा मनाए जा रहे दस दिवसीय पर्युषण पर्व के सातवें दिन मंगलवार को उत्तम तप धर्म श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की विशेष उपस्थिति रही। समाज के महिला एवं पुरुष वर्ग ने भगवान शांतिनाथ की विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं शांतिधारा कर धर्मलाभ लिया। जैन धर्म में उत्तम तप का विशेष महत्व बताया गया है। तप का अर्थ केवल उपवास करना नहीं, बल्कि अपनी इंद्रियों और इच्छाओं पर नियंत्रण रखते हुए आत्मशुद्धि की ओर बढ़ना है। तप के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की आसक्ति, विषय-वासनाओं और विकारों को कम करने का प्रयास करता है। जैन दर्शन में बाह्य तप के साथ-साथ आंतरिक तप को भी महत्वपूर्ण माना गया है। तप आत्मसंयम, त्याग और साधना का मार्ग है, जिसके माध्यम से आत्मा को कर्मों के बंधन से मुक्त करने की भावना जागृत होती है।

पर्युषण पर्व के दौरान प्रतिदिन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा एवं मंगल प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। पंडित अजीत शास्त्री जी द्वारा धर्मसभा में पर्युषण पर्व के विभिन्न धर्मों की महत्ता एवं जैन सिद्धांतों पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। समाज के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि पर्युषण पर्व के शेष दिनों में भी विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा।

पंडित अजीत शास्त्री दे रहे मंगल प्रवचन

इस अवसर पर शांतिधारा करने का सौभाग्य पूर्व अध्यक्ष श्री संजय पाटनी, श्री श्रीयांस पाटनी एवं समस्त पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं प्रथम चार कलशों का सौभाग्य दक्ष, धीरज जैन, दिव्यांश-दिनेश जैन, संजय जी सोनड़ी वाले एवं ऊषा प्रमोद जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

करीब 1600 प्रतिभागियों की मौजूदगी से आयोजन

जिले से जुटीं महिला शिक्षिकाएं, शिक्षा मंत्री ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



छत्तीसगढ़ संघ का प्रांतीय महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह भव्य एवं विराट आयोजन महासमुंद में सारंगढ़ बिलाईगढ़ की सक्रिय सहभागिता रही. बड़ी संख्या में सारंगढ़ की महिला शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिक्षक व पदाधिकारी जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू के नेतृत्व में सारंगढ़ बिलाईगढ़ से बड़ी संख्या में महिला शिक्षक एवं शिक्षकों सहित सभी प्रांतीय, संभागीय, व सभी 33 जिलों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं शामिल होकर के लगभग 1600 की संख्या में शामिल होकर के इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफल बनाया।

इस अवसर पर दो दिवसीय सम्मेलन में शिक्षा में महिला शिक्षकों की भूमिका, परिवार से राष्ट्र निर्माण में महिला शिक्षिका, वर्तमान परिवेश में शिक्षा की चुनौतियां एवं समस्याएं, समाज, संस्कार व भारतीय समृद्ध संस्कृति का शिक्षा में व्यावहारिक एवं प्रभावी क्रियान्वयन, भावी सम्भावनाएं आदि पर विस्तार पूर्वक गहन चिंतन, विचार मंथन किया गया।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए हुआ सम्मान

प्रांतीय संगठन मंत्री श्री ओंकार सिंह ठाकुर द्वारा शिक्षा मंत्री के समक्ष शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट करते हुए मंत्री जी को पत्र सौंपा गया। आयोजन में राज्यपाल, राष्ट्रपति पुरुस्कृत शिक्षक रिटायर्ड शिक्षक एवं सभी महिला शिक्षकों का सम्मान करते हुए शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव जी ने शिक्षकों की भूमिका को सर्वोपरि बताया साथ ही उन्होंने सभी शिक्षकों से छत्तीसगढ़ में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने का आह्वान किया एवं उन्होंने शिक्षक संघ द्वारा उठाई गई सभी शिक्षकों की समस्याओं को पूरी सहानुभूति के साथ समाधान करने का आश्वासन देते हुए शीघ्र निराकरण करने की बात कही। इस अवसर पर सत्यनारायण साहू, योगेंद्र पड़वार, बुद्धेश्वर कश्यप, विनोद भैना, मूलचंद देवांगन, गौरीशंकर कर्ष, कमलेश्वर साहू, दीपक पटेल, रामेश्वर साहू, महेंद्र साहू, चुरामणि साहू, दिनेश डहरिया, छाया साहू, पुष्पा साहू, सीमा पाण्डेय, नमिता तिवारी, तेजेश्वरी साहू, धनमत साहू, किरण भानु, युगेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, आशा बघेल, अंजना बंजारे, सविता वारे, अंतिमा कंवर, अमिता कथाकार, रूपा देवी, अनीता भास्कर, सुनीता भारती, गंगा पटेल, क्षमा साव, लीला कुर्रे, सुनीता साहू, कमला रानी डहरिया, गायत्री टंडन, ऊषा सत्यम, रति साहू,आदि सम्मलित हुए।



एक समाज, एक संगठन, एक अध्यक्ष के तहत लोकतांत्रिक पद्धति से होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के बैनर तले एक समाज एक संगठन एक प्रदेश अध्यक्ष का लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव कराने और एक प्रदेश अध्यक्ष का लोकतांत्रिक पद्धति चुनाव कराने के लिए चुनाव संचालन समिति का गठन करने प्रत्येक राज परिक्षेत्र एवं जिले से मददाता सूची जारी करने एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 20 सितंबर को बलौदाबाजार जिला मुख्यालय स्थित थाना सिटी कोतवाली के सामने सामाजिक भवन में जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक के नेतृत्व में रखा गया था। प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश के कोने कोने से पदाधिकारी पहुंचे थे। वही नवगठित चुनाव संचालन की आगामी बैठक जांजगीर-चांपा जिला में करने पर सहमति बनी। वही उपस्थित समाजजनों ने एक स्वर में कहा कि लोकतांत्रिक पद्धति के तहत प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो और जो जीतेगा वही प्रदेश अध्यक्ष होगा। जिसकी जानकारी भी पूरे 33 जिलों में प्रेस कांफ्रेंस के जरिए समाज के लोगों को दिया जाएगा। संचालन रजककार विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे और आभार प्रदर्शन जिला संगठन मंत्री झड़ीराम कन्नौजे ने किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में धोबी समाज के एक प्रदेश अध्यक्ष बनाने को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय बैठक का शुभारंभ प्रदेश भर से आए सामाजिक पदाधिकारियो एवं समाजजनों की उपस्थिति में स्वच्छता के जनक एवं समाज के इष्ट देव संत गाडगे जी महराज एवं नातिन धोबिन दाई की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर ने छत्तीसगढ़ में एक प्रदेश अध्यक्ष लोकतांत्रिक पद्धति से बनाने का आह्वान किया।

जिले में धोबी समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक, चुनाव संचालन समिति का हुआ गठन



चुनाव संचालन समिति का गठन और मत संकलन

डिप्टी कलेक्टर एवं समाजसेवी उत्तम निर्मलकर ने कहा कि बलौदाबाजार जिला बहुत ही संगठित है। समाज को फिरका में नहीं बटना चाहिए। फिरका कोई भी हो पर हर कोई अपने आप को सिर्फ धोबी ही कहे। बिलासपुर संभागीय अध्यक्ष जनाराम कर्ष ने कहा कि हम सभी को निस्वार्थ भाव से समाज के लिए तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। किशन लाल निर्मलकर ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो तो नामांकन के बाद एक माह का समय दिया जाए जिससे प्रत्याशी पूरे छत्तीसगढ़ में घूमकर अपना प्रचार प्रसार कर सके और समाज जनों के बीच पहुंच सके। वहीं बैठक के दौरान उपस्थित सभी समाजजनों से पेपर के माध्यम से लिखित में विचार लिया गया और उस विचार को चुनाव संचालन समिति को दिया गया। चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें जनाराम कर्ष, मनोज निर्मलकर, राकेश रजक, श्रीराम रजक, सहसराम कर्ष धनंजय, राकेश निर्मलकर, पीपी बलभद्र, सूरज निर्मलकर, दिनेश रजक, बसंत कनौजिया ,कृष्ण कुमार निर्मलकर, राजेश रजक, ललित बुंदेला, शिवकुमार निर्मलकर, डॉ. विश्वकांत निर्मलकर, निर्मला रजक, नीलू रजक, केएल निर्मलकर, लक्ष्मीकांत, नरेंद्र चौधरी, उत्तम कुमार उपस्थित थे।

खबर संक्षेप



विद्यार्थियों ने उकेरी विकसित भारत की तस्वीर

लवन। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत एकीकृत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अहिल्दा में प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विकसित भारत की संकल्पना के तहत 19 सितंबर को चित्रकला, निबंध, भाषण प्रतियोगिता रखा गया। 'मेरे सपनों का भारत, स्वच्छ भारत, विकसित भारत, नशा मुक्ति, न नक्सलवाद, नया कश्मीर आदि विषयों पर ड्राइंग और निबंध भाषण प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही 'आज का भारत और 2047 का भारत' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं एवं विचारों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष डागेश्वर मानिकपुरी, सदस्य रामेश्वर निर्मलकर, समन्वयक सुशील कुमार सोनवानी शिक्षक ईश्वर साहू, शालिनी बाजपेई पालक राम अवतार, हलदार साहू सहित विद्यार्थियों के पालकगण उपस्थित रहे। अतिथियों एवं पालकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना किया।भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सम्मान किया गया।

पति-पत्नी के साथ गाली गलौज, धमकी

महासमुंद। ग्राम बिछिया टांडा में महिला और उसके पति के साथ गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। 21 सितंबर की सुबह बिछिया टांडा निवासी संतोषी बंजारा अपनी डेढ़ साल की पुत्री के साथ घर में थी। सुबह करीब 11 बजे गांव के दाउराम बंजारा एवं तुलसी बंजारा ने उसके घर में घुसकर पुरानी रंजिश को लेकर और थाने में रिपोर्ट किए हो कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। कुछ देर बाद महिला का पति संत कुमार बंजारा खेत से वापस आया तब वे लोग चले गए और घर के बाहर गली से महिला और उसके पति को गालिया देने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 332(सी), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

अब तक 396 परिवारों को मिला लाभ, 240 की नई सूची जल्द

पीएम आवास योजना : 252 हितग्राहियों को बांटे गए भवन अनुज्ञा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत पवनी में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत भवन अनुज्ञा पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर के 252 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को पक्का और सुरक्षित मकान उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। भवन अनुज्ञा पत्र मिलने के बाद पात्र हितग्राहियों के लिए अपने स्वयं के पक्के मकान के निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हुआ है। इससे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों में अपने घर का सपना पूरा होने की उम्मीद बढ़ी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। नगर पंचायत पवनी में योजना के माध्यम से लगातार पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। भवन अनुज्ञा पत्र वितरण के साथ ही हितग्राहियों को अपने घर के निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम में उपस्थित पार्षद करन साहू ने कहा कि सरकार की आवास योजना का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। जिन परिवारों के पास वर्षों से अपना पक्का मकान नहीं था, उनके लिए यह योजना काफी महत्वपूर्ण साबित हो रही है। अपने घर का सपना देखने वाले गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना आर्थिक रूप से सहारा बनने के साथ ही उन्हें सुरक्षित और बेहतर जीवन की ओर आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान कर रही है।

अध्यक्ष कुलदीप साहू ने डेढ़ वर्ष में किए गए करोड़ो के विकास कार्यों को गिनते हुए कहा कि नगर पंचायत पवनी में योजना के तहत लगातार हितग्राहियों को लाभ मिलने से नगर के जरूरतमंद परिवारों में भी उत्साह का माहौल है। आने वाले समय में शेष पात्र हितग्राहियों को भी योजना का लाभ मिलने की उम्मीद है।

उपाध्यक्ष नंदू साहू ने कहा सभी पात्र आवास के हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि जरूरतमंद लोगों का सपना होता है कि वह अपना पक्का मकान बना सके और इस सपना को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरकार किया जा रहा है इसके लिए आप सभी को बधाई।

इस कार्यक्रम में नगर पंचायत पवनी के अध्यक्ष कुलदीप साहू, उपाध्यक्ष नंदू साहू, पार्षद करन साहू, सीएमओ मजीद खान, पार्षद कमलेश साहू, पिंटू साहू, रामगोपाल साहू, नंदलाल साहू, गणेश साहू, रामकृष्ण साहू, लीलांबर साहू, लोकनाथ साहू, टीकम साहू, राजेश चौहान, अमित साहू समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी और नगर के थे।

396 हितग्राहियों को मिल चुका है योजना का लाभ

नगर पंचायत पवनी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद तथा नगर पंचायत में भाजपा समर्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों के निर्वाचित होने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में हितग्राहियों को लाभ मिलने की बात सामने आई है। अब तक 396 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ मिल चुका है। वहीं, आने वाले दिनों में करीब 240 और हितग्राहियों की सूची जारी होने की उम्मीद जताई जा रही है। सूची जारी होने के बाद योजना का लाभ पाने वाले हितग्राहियों की संख्या में और वृद्धि होगी।

बहुदिव्यांग बेटे के बेहतर भविष्य के लिए शिविर पहुंचे पिता, मिली नई राह



बलौदाबाज़ार/भाटापारा। अपने 10 वर्षीय बहुदिव्यांग बेटे के लिए सहायक उपकरण की उम्मीद लेकर शिविर में पहुंचे ग्राम कुकदा निवासी शेष नारायण धृतलहरे को यहां अपने बेटे के बेहतर भविष्य की नई राह मिली। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित दिव्यांगजन शिविर में समाज कल्याण विभाग की उप संचालक सिनीवाली गोयल ने शेष नारायण की विस्तार से काउंसलिंग की और उन्हें बेटे के विशेष शिक्षण-प्रशिक्षण एवं उपचार के लिए उपलब्ध शासकीय सुविधाओं की जानकारी दी। शेष नारायण अपने बेटे कौशिक धृतलहरे को लेकर शिविर पहुंचे थे। कौशिक बहुदिव्यांग बालक है। शेष नारायण की चिंता केवल सहायक उपकरण तक सीमित नहीं थी, वे अपने बेटे के बेहतर शिक्षण-प्रशिक्षण और भविष्य को लेकर भी चिंतित थे। काउंसलिंग के दौरान उन्हें बताया गया कि रायपुर के माना कैंप स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बहुदिव्यांग केंद्र में दिव्यांग बच्चों की देखभाल के साथ विशेष शिक्षण-प्रशिक्षण एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। शेष नारायण ने बताया कि उनके तीन बच्चे सामान्य हैं और एक बेटा दिव्यांग है। बेटे की विशेष देखभाल के कारण उन्हें काफी समय उसकी जरूरतों में देना पड़ता था, जिससे वे अपने अन्य बच्चों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते थे। अब उन्हें उम्मीद है कि माना कैंप रायपुर में बेटे को आवश्यक उपचार, विशेष शिक्षा और प्रशिक्षण की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि वे अपने बेटे को वहां जरूर लेकर जाएंगे, ताकि उसका जीवन बेहतर हो सके और वह आगे बढ़ सके।

योजनाओं के साथ मार्गदर्शन भी

सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित दिव्यांगजन शिविरों में हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ दिलाने के साथ उनकी व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार काउंसलिंग भी की जा रही है। शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों और उनके परिजनों की अधिकारियों तक सीधी पहुंच बन रही है। इससे उन्हें केवल योजनाओं की जानकारी ही नहीं मिल रही, बल्कि उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए उपलब्ध उपचार, शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास संबंधी सुविधाओं की जानकारी भी मिल रही है।

नेत्र जांच शिविर में 8 मोतियाबिंद मरीज मिले

भाटापारा। कमलाकांत शुक्ला कॉलेज के अंतर्गत उन्नत भारत अभियान एवं शासकीय अस्पताल भाटापारा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम देवरी स्थित सामुदायिक भवन में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत गुलेरी द्वारा ग्रामीणों के आंखों की निःशुल्क जांच की गई एवं आवश्यक चिकित्सकीय सलाह व दवाइयां दी गईं। इस अभियान की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूर्णिमा कौशिक द्वारा किया गया। शिविर को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सहायक प्राध्यापक अनुपमा उमरे एवं B.Ed. प्रथम सेमेस्टर के छात्रो ने अपना योगदान दिया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर अपनी आंखों की जांच करवाई,जिसमें 8 मोतियाबिंद के मरीज एवं 10 चस्मा जांच के मरीज चिन्हाकित किए गये जिन्हे निःशुल्क चस्मा प्रदान किया जायेगा। नेत्र विशेषज्ञ ने ग्रामीणों को मोतियाबिंद, दृष्टि दोष एवं आंखों की दैनिक देखभाल तथा स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट के संचालक मनीष शुक्ला एवं प्राचार्या डॉ वंदना चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रयास की ग्रामवासियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।



उत्कृष्ट कार्यों के लिए शिक्षिका सुखमती चौहान सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



शासकीय प्राथमिक शाला फर्सवानी में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ सुखमती चौहान को शिक्षा, नवाचार, समाज, साहित्य और पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। नगर निगम ऑडिटोरियम, रायगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत, स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी 2026 में सुखमती चौहान को शिक्षा, नवाचार, समाज और पर्यावरण के लिए समर्पण, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पालकों से मधुर व्यवहार कर शाला के विकास में पालकों की मजबूत सहभागिता स्थापित करने की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। सुखमती चौहान अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करती हैं। उनसे शिक्षक, बच्चे और समाज प्रेरित होते हैं। वे स्कूल के 60 बच्चों के दिलों में माँ का स्थान ले चुकी हैं। सभी बच्चों के लिए भौतिक सुविधाएं , सभी बच्चों के लिए टाई, बेल्ट, कॉपी, पेन, शीश और हर शालेय कार्यक्रम का खर्च एवं भोजन व्यवस्था वे अपने स्वयं के खर्च से करती हैं। समाज सेवा के लिए भी उनका समर्पण अतुलनीय है।

औरेठी स्कूल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चला जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरेठी में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्याख्याता डॉ. दिनेश कुमार उपाध्याय ने अतिथियों का परिचय कराकर किया। सखी वन स्टाप सेंटर सिमगा के प्रफुल्ल सोनवानी ने संबोधित करते हुए कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर का मुख्य उद्देश्य घर के भीतर व बाहर किसी भी रूप में में हर आयु वर्ग की महिलाओं को एक ही छत के नीचे एकीकृत रूप से सभी प्रकार की सुविधा व सहायता निशुल्क उपलब्ध कराना है।यह सेंटर 24 घंटे सेवा के लिए उपलब्ध है। जरुरत मंद महिलाओं को आपातकालीन सहायता, बचाव, चिकित्सकीय सहायता, विधिक सहायता, मनोवैज्ञानिक सलाह एवं मनोपचार के लिए समर्पित है। सखी सेंटर के मोहिनी साहू ने बताया कि इस सेंटर के माध्यम से दहेज प्रथा, बाल विवाह से बचाव के साथ कोई महिला यदि संकट में है तो उन्हें 181 नंबर पर संपर्क करना चाहिए। यदि कहीं बाल विवाह या बाल श्रम कराया जा रहा हो या बच्चों से भिक्षावृत्ति कराया जा रहा हो तो 1098 पर संपर्क करना चाहिए। बच्चा खतरे में हो तो 112 में संपर्क करें। अतिथियों की बातों को छात्र छात्राओं ने ध्यान से सूचना तत्पश्चात प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों की जानकारी को पुख्ता किया गया। आभार भास्कर साहू ने किया। कार्यक्रम में माधुरी बंसकार, वासुमति साहू, आर आर तिर्की, नीरा वर्मा, अर्चना यादव, शुचिता मेश्राम, खिलेश्वर साहू, अश्विनी नागवंशी, दुरपति यदु, गोलू निषाद उपस्थित थे।

'योग तपस्या भट्ठी' कार्यक्रम में पहुंचे विधायक साव

सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक दृष्टिकोण समय की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र द्वारा आयोजित विशेष 'योग तपस्या भट्ठी (मेडिटेशन)' कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संस्था के माउंट आबू मुख्यालय से पधारे वरिष्ठ योग शिक्षक भ्राता रामनाथ जी का इस अवसर पर शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीना सम्मान किया गया।

भ्राता रामनाथ जी ने उपस्थित जनसमूह को ध्यान (मेडिटेशन) के माध्यम से तनावमुक्त और सुखी जीवन जीने के व्यावहारिक उपाय बताए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने समाज निर्माण में संस्था के योगदान की सराहना की।

वहीं विधायक इंद्र साव ने कहा की नगर में ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थापना क्षेत्रवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। संस्था के माध्यम से न केवल भाटापारा बल्कि आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी सकारात्मक विचार, आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा मिल रही है। वर्तमान समय में सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक दृष्टिकोण की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। उन्होंने आमंत्रण एवं सम्मान के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों का आभार भी व्यक्त किया।

मन की शक्ति के लिए नियमित ध्यान जरूरी

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने मन और शरीर के संतुलन पर जोर देते हुए कहा, जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ और निरोग रखने के लिए नियमित शारीरिक व्यायाम की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार मन को शक्तिशाली, शांत और सकारात्मक बनाने के लिए मेडिटेशन एवं पवित्र विचारों की आवश्यकता है। स्थानीय सेवाकेंद्र की सराहनाः उन्होंने कहा कि भाटापारा नगरवासियों के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि यहाँ की बहनें और दीदी जी लगातार ऐसे दिव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रही हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने माउंट आबू से पधारे वरिष्ठ सदस्यों एवं स्थानीय ब्रह्माकुमारी बहनों का नागरिक समाज की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।



